हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 3 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 विद्यार्थियों को बताया गया आयुर्वेद का महत्व अच्छी जीवन शैली ..



10 कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में एसीबी ने कोर्ट में ..





## खबर संक्षेप

### भाजपा मण्डल गुरूर का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**गुरूर।** भाजपा मण्डल गुरूर द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 3 फरवरी को प्रातः 11 बजे वार्ड क्रमांक 03 पन्ना लाल साहू के बाड़ी में आयोजित किया गया है। भाजपा मण्डल अध्यक्ष गुरूर कौशल साहू, नगर पंचायत गुरूर चुनाव संचालक नंदकिशोर शर्मा, सह संचालक चन्द्रप्रकाश गांधी ने बताया कि बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रतिनिधि, मण्डल प्रभारी, पूर्व विधायक भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी एवं पार्षद प्रत्याशी, बुध अध्यक्ष मधुसुदन सोनवानी, रामेश्वर लावत्रे, प्रीतम साहू उपस्थित रहेंगे।

### कोड़ेकसा मड़ई 8 को

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम कोड़ेकसा में दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन 6 व 7 फरवरी को आयोजित किया गया है। उसके बाद 8 फरवरी को मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए राधाकृष्ण लोककला नाचा पार्टी दुर्रेबंजारी का कार्यक्रम रखा गया है।

### जिन गांवों में ग्राम पटेल नहीं हैं, वहां बनाए जाएंगे

**जामगांव आर।** जिन ग्रामों में पटेल नहीं हैं, उस ग्राम के इच्छुक व्यक्ति 4 फरवरी मंगलवार 12 बजे साहू सदन भाठागांव आर में पटेल संघ गुण्डरदेही तहसील अध्यक्ष नरेंद्र साहू के पास आवेदन जमा करें। श्री साहू ने बताया कि प्राप्त आवेदन को संबंधित अधिकारियों के पास भेजा जाएगा। पटेल चयन की अगली प्रक्रिया प्रशासन के निर्देशानुसार संचालित होगी। तहसील अध्यक्ष नरेंद्र ने कहा कि तहसील संघ के सभी पदाधिकारी फ्लेक्स बनाने के लिए दो फोटो साथ लाएं।

### कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों की बैठक व नामांकन रैली आज

**गुरूर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जनपद पंचायत गुरुर व जिला पंचायत के सभी अधिकृत प्रत्याशियों की नामांकन रैली एवं बैठक का आयोजन 3 फरवरी को सुबह 11 बजे सिन्हा भवन गुरूर में किया गया है। बैठक एवं रैली में विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तामेश्वर साहू एवं ब्लॉक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत, मामला दर्ज

**बालोद।** दरगहन-गुरूर मार्ग स्थित चमरूराम साहू के खेत के पास पिकअप ने बाइक सवार युवक को ठोकर मार दी। इससे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक का नाम अरूण यादव 18 वर्ष ग्राम दरगहन निवासी बताया जा रहा है। गुरूर पुलिस के अनुसार मृतक अरूण यादव 13 जनवरी को ग्राम दरगहन से गुरूर अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एस 4620 से गुरूर जा रहा था। इस बीच व चमरूराम साहू के खेत के पास पहुंचा था, तभी सामने से आ रही टाटा एस पिकअप क्रमांक सीजी 24 यू 4305 के चालक ने मोटर सायकिल को ठोकर मार दी। दुर्घटना में घायल युवक को शासकीय अस्पताल गुरूर ले जाया गया, रिफर करने पर जिला अस्पताल धमतरी ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इस मामले पर 31 जनवरी को पिकअप चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# तांदुला नदी में जानलेवा साबित हो रही जलकुंभी, मौत के बाद शव निकालना भी हो रहा मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तांदुला नदी में जलकुंभी जानलेवा साबित होता जा रहा है। तांदुला नदी के आसपास के गांव के लोगों और उनके पालतू पशुओं के लिए जलकुंभी खतरा बना हुआ है। वहीं, तांदुला नदी के पानी की ऊपरी सतह पर जमा यह पौधा पानी को भी प्रदूषित कर रहा है। इससे जलीय जीवों के जीवन पर भी संकट मंडरा रहा है। जलकुंभी से नदी का अस्तित्व भी खतरे में है। बालोद और हीरापुर के मध्य तांदुला नदी पर बने एनिकट के दोनों ओर जलकुंभी फैल जाने से नदी में नहाने वाले लोगों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। वहीं, इसी जगह पर पांच दिनों पहले जलकुंभी में फंस जाने से एक भैंस की मौत हो गई, जिसने एक माह पहले ही बच्चे को जन्म दिया था। जानकारी के अनुसार भैंस ग्राम हीरापुर निवासी बलीराम साहू की बताई जा रही है, जो पांच दिन पहले अन्य भैंसों के साथ नदी की तरफ चारा चरने गई थी और जलकुंभी में फंस गई। भैंस मालिक ने उसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन नहीं निकल पाए। जो अब भी नदी में ही है। वहीं, नदी में भैंस को खत्म हुए पांच दिन से अधिक हो गया है और उसका शव सड़ने लगा है। इसके कारण राहगीरों, ग्रामीणों और नदी में नहाने पहुंचने वाले लोगों को असहनीय बदबू के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी भी प्रदूषित हो रहा है। लेकिन, इस ओर न तो नगर पालिका बालोद का ध्यान है और न ही ग्राम पंचायत हीरापुर का। वहीं, पिछले साल ही ग्राम हीरापुर के अर्जुन साहू की गाय भी नदी में जलकुंभी के कारण डूबकर मर गई थी।

■ अभी तक नहीं निकाला जा सका शव, सड़ने के कारण प्रदूषित हो रहा पानी

### पांच दिन पहले जलकुंभी में फंसने से हो गई भैंस की मौत



#### जलकुंभी के कारण दो लोगों ने भी गंवाई जान

दो साल पहले इसी तंदुला नदी में तैर रही भैंस को निकालने के प्रयास में जलकुंभी में फंसने से देवारभाट निवासी एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। वहीं, पिछले साल ही ग्राम हीरापुर में शादी में पहुंचे भिलाई निवासी एक व्यक्ति की नहाने के दौरान पैर फिसलने से जलकुंभी के ढेर के नीचे फंसने से मौत हो गई थी।

#### नदी में मछली पालन करने वाले करते हैं सफाई

निषाद समाज के सदस्य तांदुला नदी में मछली पालन करने के लिए बीच बीच में नदी के कुछ हिस्से की सफाई करते हैं। इससे नदी कुछ दिनों तक साफ दिखती है, लेकिन उसके बाद स्थिति फिर जस की तस हो जाती है।

हादसा : नेशनल हाईवे 30 पर ग्राम जगतरा के पास रविवार सुबह हुई दुर्घटना

# ट्रैक्टर से टकराकर पलटा गैस सिलेंडर से भरा ट्रक, चालक की मौत, राहगीर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नेशनल हाईवे 30 पर ग्राम जगतरा के पास गैस सिलेण्डर से भरा ट्रक एक ट्रैक्टर से टकरा अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं, ट्रक की चपेट में आने से एक राहगीर घायल हो गया है।

■ दुर्घटना के बाद सड़क पर ही बिखर गए खाली गैस सिलेंडर

घायल व्यक्ति को इलाज के लिए धमतरी हॉस्पिटल ले जाया गया है।



वहीं, मौके पर पहुंची पुरुर पुलिस ने शव को मर्चुरी भेजने के बाद जांच शुरू कर दी है। घटना रविवार की सुबह लगभग 11 बजे बालोद जिले के पुरूर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस के अनुसार धमतरी-कांकेर मार्ग पर नेशनल हाईवे पर जगतरा गांव के पास सिलेंडर से भरा ट्रक बाइक चालक को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकरा गया। वहीं, टक्कर के बाद ट्रक सड़क पर ही पलट गया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के कारण ट्रक में लोड सिलेंडर सड़क पर बिखर गए। राहत वाली बात यह रही कि गैस टंकियां खाली थीं, जिसके कारण बड़ी घटना टल गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इधर हादसे की सूचना मिलते ही पुरूर पुलिस सहित टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

#### शंकर नगर रायपुर निवासी भरोसी साहू के रूप में हुई चालक की पहचान

इस मामले में गुरुर थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने बताया कि ट्रक सीजी 10 बीडी 2689 चारामा के तरफ आ रहा था, जो मार्ग पर बाइक चालक को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकराकर पलट गया। दुर्घटना में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है, एक राहगीर भी घायल हुआ है। मृतक के आधार कार्ड के जरिए उसकी पहचान की गई है। मृतक का नाम भरोसी साहू पिता मिदूराम साहू वार्ड नंबर 29, अनुपम नगर मार्ग, शंकर नगर रायपुर, बिन्द्रवानागढ़ के रूप किया गया है।

# 13 नाबालिग बच्चों को खोजकर पुलिस ने परिजन से मिलाया, आंखें हुईं नम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ऑपरेशन मुस्कान के तहत बालोद पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए हैदराबाद, कानपुर, पुणे, मुंबई, कर्नाटक, रीवा एवं राज्य से कुल 13 नाबालिग बच्चों को उनके परिजनों तक पहुंचाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया। एक मामले मे 3 साल बाद अपनी बच्ची से मिलकर परिजन की आंखें नम हो गई एवं उनके चेहरे पर मुस्कान आई।

■ आपरेश मुस्कान में अपने सहित दूसरे राज्य से बरामद किए गए बच्चे

जिला बालोद में गुम बालकों तथा गुम इंसानों के दस्तायाबी के लिए पुलिस अधीक्षक एसआर.भगत एव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में विशेष पहल से एक टीम गठित कर लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके लिएएसडीओपी देवांश सिंह राठौर बालोद अन्य स्टॉफ का एक विशेष टीम गठित किया गया। जिले में अब तक लंबित अपराधों व गुम इंसान के डायरियों को बुलवाकर जिला स्तर पर अवलोकन किया गया। गुम इंसान तथा अपराध की डायरियों के अवलोकन के दौरान प्राप्त ह्यूम इन्ट तथा तकनीकी सूचना के आधार पर विभिन्न राज्यों के लिए रूट वाइज अलग अलग टीम तैयार कर भेजी गई। अभियान के नोडल ▶▶| शेष पेज 11 पर

#### इन जगहों से लाए गए बच्चे

भेजी गई टीमों ने तेलंगाना से थाना सनौद के धारा 137(2) बीएनएस 87, 64(2)(ड), बीएनएस 4, 6 पास्को एक्ट के प्रकरण में बालिका को जिला सिद्धीपेट तेलंगाना से लाकर परिजनों को सौंपा। थाना मंगचुआ के धारा 363 भादवि के प्रकरण में बालिका को हैदराबाद तेलंगाना से लाकर परिजनों को सौंपा गया। महाराष्ट्र से थाना डौण्डी के धारा 137(2) बीएनएस 87, 64(2)(एम) बीएनएस 4, 6 पास्को एक्ट के प्रकरण में गुम बालिका को थाना शिरोल जिला कोल्हापुर महाराष्ट्र से लाकर परिजनों को सौंपा गया। थाना गुण्डरदेही के धारा 137(2) बीएनएस 87, 64(2)(एम) बीएनएस 4, 6 पास्को एक्ट के प्रकरण में बालिका को जिला वर्धा महाराष्ट्र से लाकर परिजनों को सौंपा गया। थाना बालोद के धारा 363 के प्रकरण में बालिका को जिला मूंगई महाराष्ट्र से लाकर परिजनों को सौंपा गया। थाना बालोद के धारा 137(2) बीएनएस के प्रकरण में बालिका को जिला विजयपुर कर्नाटक से लाकर परिजनों को सौंपा गया। रीवा से थाना देवरी के धारा 137(2) बीएनएस के प्रकरण में बालिका को लाकर परिजनों को सौंपा गया।

# एक ही ईवीएम में अध्यक्ष और पार्षद उम्मीदवार के लिए अलग-अलग करना होगा मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत रविवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का डेमोंस्ट्रेशन कर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने जिले के ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ मीडिया प्रतिनिधियों के लिए आयोजित कार्यशाला में दी गई जानकारी

#### एक बार अध्यक्ष के लिए और एक बार पार्षद पद के लिए दबाना होगा बटन

मास्टर ट्रेनर विजय देवांगन ने बताया कि मतदाताओं को नगरीय निकाय के निर्वाचन के दौरान ईवीएम के माध्यम से मतदान करना होगा। मतदाता को एक ही ईवीएम में अध्यक्ष एवं पार्षद उम्मीदवार के लिए अलग–अलग मतदान करना होगा। मतदाता अध्यक्ष पद के लिए एक बार तथा पार्षद पद के लिए एक बार वोट कर सकेंगे। इससे पूर्व मतदान अधिकारी द्वारा उन्हें बैलेट बटन दबाकर मतदान करने की अनुमति दी जाएगी। उसके बाद मतदाता द्वारा दो बटन दबाकर मतदान की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

# कांग्रेस ने बदल दिया अधिकृत प्रत्याशी, नाराज परमिला ने कहा- भरेंगी नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ब्लाक कांग्रेस ने जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 के लिए घोषित अपने अधिकृत प्रत्याशी को अचानक बदल दिया। पूर्व में घोषित परमिला बाई के स्थान पर अब ग्राम बागतराई की लीना को अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, इससे नाराज परमिला बाई ने भी जनपद क्षेत्र क्रमांक 16 से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। बता दें कि यह क्षेत्र अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है।



■ कांग्रेस ने जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 से लीना को बनाया नया प्रत्याशी

मिली जानकारी के अनुसार ब्लाक कांग्रेस द्वारा 29 जनवरी को जारी सूची में ग्राम पंचायत चंदनबिरही की परमिला बाई को क्षेत्र क्रमांक 16 से अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया था। लेकिन, चार दिन बाद अचानक संशोधित सूची जारी कर परमिला बाई के स्थान पर बागतराई निवासी लीना को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया गया। उधर, कांग्रेस द्वारा चंदनबिरही निवासी परमिला बाई को हटाकर दूसरे का नाम घोषित कर देने से ग्राम चंदनबिरही के ग्रामीणों में आक्रोश है। परमिला बाई वर्तमान में ग्राम पंचायत चंदनबिरही की सरपंच हैं। चंदनबिरही के लोगों का कहना है कि पिछली बार भी कांग्रेस द्वारा ग्राम बागतराई को महत्व दिया गया था। इस बार ग्राम चंदनबिरही के कार्यकर्ता को महत्व दिया जाना था, लेकिन फिर से ग्राम बागतराई को महत्व दिये जाने से ग्रामीण नाराज है। वहीं, इस बदलाव के बाद परमिला बाई ने चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि वे सोमवार को दल-बल के साथ नामांकन दाखिल करेंगी।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


# जर्जर होकर सड़क की ओर झुके बिजली खंभे से है खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर के वार्ड क्रमांक 20 में बरसों से लगा सीमेंट का बिजली पोल काफी जर्जर हो चुका है। इसके कारण हमेशा अनहोनी की आशंका बनी रहती है। आसपास के लोगों का कहना है कि इस जर्जर पोल को बदलने के लिए कई बार पार्षद से आग्रह कर चुके हैं, लेकिन अभी तक पोल बदला नहीं गया।

■ नगर के वार्ड क्रमांक 20 के नागरिकों ने की पोल बदलने की मांग



दरअसल बालोद-राजनांदगांव मुख्य मार्ग से लगे गौरा चौरा के पास वार्ड 20 में कई साल पहले बिजली का पोल लगाया गया था। उस पोल से होकर चार फेस का तार भी गुजरा है, जिससे पूरे वार्ड वासियों के घरों में बिजली पहुंचती है। चूंकि पोल काफी पुराना हो चुका है इसलिए काफी जर्जर हो गया। वार्ड 20 के लोगों ने बताया ▶▶| शेष पेज 11 पर




## खबर संक्षेप



### प्रयागराज महाकुंभ मेले में हुआ भंडारा

रायपुर। प्रयागराज महाकुंभ मेले में बूढ़ापारा स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत राजेश शर्मा ने स्नान किया और सभी संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री डाकोर-इंदौर में भंडारा का आयोजन किया। इसमें भी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा का कार्यक्रम स्व. महंत हरिदास त्यागी के स्मृति में हुआ। इस अवसर पर इंदौर के महंत स्वामी रामचरण दास महाराज, महंत पवन दास महाराज, महंत राधे राधे पंच तेरह भाई त्यागी, दिगंबर अखाड़ा के महंत बृजमोहन दास सहित अन्य महंत शामिल थे।

### भोपाल के रविंद्र भवन में सांस्कृतिक उत्सव लोकरंग का हुआ समापन



रायपुर। मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग की जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी ने गणतंत्र के 40वें लोकोत्सव 'लोकरंग' का आयोजन 26 से 30 जनवरी तक भोपाल के रविंद्र भवन में किया गया। यह पांच दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव था। कार्यक्रम में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी, नृत्य, गायन-वादन, शिल्प और व्यंजन मेले का आयोजन किया गया। साथ ही वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन और उनके योगदान को नृत्य-नाट्य रूप में भी दिखाया गया था। इसके अलावा विदेशी लोकनृत्य में पेरिस, जर्मनी की नृत्यछटा देखने को मिली। इस दौरान' परंपरा में वाद्य 'संगोष्ठी में पूरे भारत से शोध प्रतिभागी अपने अपने वाद्ययंत्र के साथ उपस्थित हुए थे। इस दौरान रायपुर छत्तीसगढ़ से डॉ. संजू साहू 'पूनम' अपने विलुप्त होते लोक वाद्य मुंडाबाजा के साथ भोपाल में अपना शोध प्रस्तुत किया। मुंडाबाजा एक आनुष्ठानिक वाद्य है, जो कि बस्तर और सरगुजा अंचल में बजाया जाता है। डॉ. साहू ने अपने शोध प्रस्तुति के दौरान बस्तर की आदिवासी संस्कृति, लोककला पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस दौरान विभाग के निदेशक धर्मेंद्र पारे उपस्थित थे।

### मतदान केंद्रों में सूचना पट्टी व रंगरोगन के कार्य जारी



रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव के लिए राजधानी रायपुर के मतदान केंद्रों को तैयार किया जा रहा है। इसके तहत कई शासकीय स्कूल एवं कॉलेजों को रंगरोगन करने से लेकर दीवारों पर पीले रंग से पोताई कर काले रंग से वार्ड, मतदान केंद्र क्रमांक सहित अन्य सूचनाएं लिखी जा रही हैं, ताकि मतदाता वोट करने के लिए मतदान केंद्र और बूथ कमरे तक आसानी से पहुंच सकें। चुनाव के कारण कई स्कूल व कॉलेज जो जर्जर हो चुके हैं, उनकी मरम्मत भी की जा रही है। इसके अलावा कई स्कूल व कॉलेज की बाउंड्रीवाल से लेकर कमरों की भी पोताई कराई जा रही है। राजधानी रायपुर में महापौर और पार्षद चुनाव के लिए मतदान केंद्रों में तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। इसके तहत सभी मतदान केंद्रों को मतदान से पहले ठीक-ठाक कराने से लेकर मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं की व्यवस्था भी की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव सिंह ने सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए पेयजल, पंखा, शौचालय सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इस निर्देश के तहत मतदान केंद्रों में तैयारियां भी युद्ध स्तर पर की जा रही हैं।

# कस्टम मिलिंग घोटाले में भी शराब फर्जीवाड़ा के किंग पिन अनवर ढेबर, टुटेजा शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- साजिश के तार उद्योग भवन से लेकर राजीव भवन तक जुड़ रहे

नई सरकार के गठन के बाद से ही कस्टम मिलिंग घोटाले की नींव रखने का काम शुरू हो गया था। कस्टम मिलिंग घोटाले में भी शराब घोटाले के किंग पिन सेवानिवृत्त आईएएस अनिल टूटेजा तथा अनवर ढेबर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कस्टम मिलिंग घोटाला करने की रूप रेखा तैयार करने सरकार के करीबियों में शामिल कैलाश रुंगटा को राइस मिल एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया गया। घोटाला को अंजाम देने तथा पैसा कलेक्शन करने रोशन चंद्राकर को एसोसिएशन का कोषाध्यक्ष बनवाया गया।

ईओडब्लू की जांच में जो बातें सामने आई है उसके मुताबिक स्कैम की शुरुआत पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा तथा रोशन चंद्राकर की उद्योग भवन में बैठक के बाद शुरू हुई। ववर्ष 2021-22 में खरीदी गई 104 लाख मिट्रीक टन धान की निष्पादन करने खाद्य सचिव से केंद्रीय कोटा की मांग करने रोशन चंद्राकर को अनिल टूटेजा निर्देश देते हैं। इसके बाद केंद्र सरकार करीब 62 लाख मिट्रीक टन धान के कोटा की अनुमति देती है। मिलिंग में परेशानी आने पर प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी करने अनुमति प्रदान की जाती है। बढ़ी हुई प्रोत्साहन राशि से पार्टी फंड जुटाने की व्यवस्था की जाती है।



### राइस मिलरों की इस कमजोरी का फायदा उठाया

कस्टम मिलिंग करने धान उठाने राइस मिलरों को मार्कफेड के पास एडवांस में पैसा जमा कराना पड़ता है। इसके लिए बड़ी रकम की जरूरत पड़ती है। कस्टम मिलिंग करने राइस मिलर बैंक से कैश क्रेडिट लिमिट बनवाते हैं। तय समय में पैसा जमा नहीं करने पर राइस मिलरों को भारी भरकम ब्याज देना पड़ता है। इसी बात का फायदा उठाते हुए कस्टम मिलिंग की जल्द राशि जारी करने राइस मिलरों से कस्टम मिलिंग का भुगतान करने के एवज में वसूली की गई।

### कमीशन राशि का ऐसा था पाइपलाइन

*राइस मिलरों से प्राप्त कमीशन की राशि की रोशन चंद्राकर, रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाने का काम करता था। आईटी, ईडी के छापे के बाद रामगोपाल का रोशन से संपर्क नहीं हो पाया। रोशन ने अनिल टूटेजा से संपर्क किया। इस दौरान रोशन ने टूटेजा को बताया की कुछ जिलों के राइस मिलरों से कलेक्शन नहीं हो पाया है। इस पर टूटेजा ने रोशन को अनवर से संपर्क करने के लिए कहा। टूटेजा ने रोशन का अनवर ढेबर से संपर्क कर सिद्धार्थ सिंघानिया से संपर्क कराया। इसके बाद मार्च 2023 में अलग-अलग जिलों के राइस मिलरों से रोशन चंद्राकर ने 20 से 22 करोड़ रुपए वसूल कर सिद्धार्थ सिंघानिया तक पहुंचाया। सिद्धार्थ ने उक्त पैसे अनवर के माध्यम से टूटेजा तक पहुंचाने का काम किया।*

### कमीशन राशि की दो किश्तों में वसूली

ईओडब्लू ने अपनी जांच में पाया है कि राइस मिलरों से कस्टम मिलिंग की आड़ में की गई अवैध वसूली दो किश्तों में की गई।कस्टम मिलिंग करने प्रोत्साहन राशि मिलिंग खर्च 120 रुपए दो किश्तों में देने निर्णय लिया गया। इस वजह से राइस मिलरों से कस्टम मिलिंग की आड़ में दो किश्तों में 40 रुपए कमीशन के रूप में वसूल की गई।

### रामगोपाल ने इशारों वसूली के संकेत दे दिए थे

कस्टम मिलिंग चार्ज बढ़ाए जाने के बाद वर्ष 2021 में वीआईपी रोड स्थित बेवीलॉन होटल में मुख्यमंत्री के लिए आभार प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के सात सौ राइस मिलर उपस्थित हुए थे। तब मंच में नागरिक आपूर्ति निगम के तत्कालीन चेयरमैन राम गोपाल अग्रवाल ने अपने भाषण में कहा कि सरकार आपके लिए कर रही है, आपको भी मदद करनी होगी।

### जीवनसाथी की तलाश में देशभर से पहुंचेंगे सतनामी युवा

रायपुर। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से शहीद स्मारक भवन में रविवार को सतनामी समाज के विवाहयोग्य युवक-युवतियों का राष्ट्र स्तरीय परिचय सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। साथ ही कार्यक्रम में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जाएगा। कार्यक्रम में छग के अलावा देश के विभिन्न प्रांतों में निवासरत सतनामी समाज के प्रतिभागी अपने अभिभावकों के साथ मनपसंद जीवनसाथी की तलाश में राजधानी पहुंच रहे है। सम्मेलन में समाज के विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त महिला, पुरुष भी भाग लेंगे। प्रतिभागियों के पंजीयन के लिए कार्यक्रम स्थल पर सुबह 9 बजे से तीन अलग-अलग विशेष काउंटर खुली रहेगी, जहां अपनी दो रंगीन पासपोर्ट फोटो के साथ पंजीयन करा सकेंगे। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी या उनके परिजनों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी।

# कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में एसीबी ने कोर्ट में पेश किया साढ़े तीन हजार पन्नों का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी, राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर आरोपी बनाए गए हैं

कस्टम मिलिंग की आड़ में वर्ष 2023 में राइस मिलरों से 140 करोड़ रुपए की अवैध उगाही मामले में ईओडब्लू, एसीबी ने कोर्ट में मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी तथा राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर के खिलाफ शनिवार को साढ़े तीन हजार पन्नों का चालान पेश किया। चालान ईओडब्लू की विशेष अदालत निधि शर्मा तिवारी की कोर्ट में पेश किया गया। जांच एजेंसी ने कोर्ट में 35 पन्नों की समरी पेश की है।

जांच एजेंसी ने कोर्ट में चालान पेश करते हुए बताया है कि मामले की जांच जारी है। जांच के दौरान अन्य लोगों के खिलाफ साक्ष्य मिलने पर उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा। इसके बाद अन्य आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में पूरक चालान पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि कस्टम मिलिंग घोटाले को लेकर आयकर विभाग की टीम ने वर्ष 2023 में मनोज सोनी, विपणन अधिकारी प्रीतिका पूजा केरकेट्टा सहित 16 राइस मिलरों के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई के बाद ईडी के साथ ईओडब्लू अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रहा है।



### लखमा की अग्रिम जमानत पर कल होगी सुनवाई

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में जेल में बंद कवासी लखमा ने ईओडब्लू की विशेष अदालत में शुक्रवार को अग्रिम जमानत के लिए आवेदन पेश किया है। पूर्व मंत्री के आवेदन पर कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि शराब घोटाला मामले की जांच ईडी के साथ ईओडब्लू कर रही है। पूर्व मंत्री को ईडी ने गिरफ्तार किया है। पूर्व मंत्री को अंदेशा है कि इसी मामले में आने वाले दिनों में ईओडब्लू भी उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। इस वजह से पूर्व मंत्री ने गिरफ्तारी से बचने कोर्ट में अग्रिम आवेदन पेश किया है।

### यह है पूरा मामला

वर्ष 2022-23 में कस्टम मिलिंग के एवज में राइस मिलरों से प्रति क्विंटल 20 रुपए कमीशन लेने के आरोप हैं। मार्कफेड के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी ने विपणन अधिकारी प्रीतिका पूजा केरकेट्टा के माध्यम से रोशन चन्द्राकर को निर्देश दिया था कि केवल उन्हीं राइस मिलर्स के बिल का भुगतान किया जाना है, जिनकी वसूली की राशि रोशन चन्द्राकर को प्राप्त हुई है। आयकर विभाग ने जब छापे की कार्रवाई के दौरान एक करोड़ छह लाख रुपए नकदी सहित लेन-देन के दस्तावेज सहित डिजिटल डिवाइस जब्त किया था। इस तरह कस्टम मिलिंग के माध्यम से राइस मिलरों से 140 करोड़ रुपए वसूली करने के आरोप हैं।

### डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने के मामले में सुनवाई

शराब घोटाला मामले में जेल में बंद अनवर ढेबर, अनिल टूटेजा के आवेदन पर डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाए जाने के मामले को लेकर भी विशेष अदालत में सुनवाई हुई। कोर्ट बचाव पक्ष तथा ईओडब्लू के वकील की दलील सुनने के बाद डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाए जाने के मामले में 10 फरवरी को फैसला सुनाएगी। ईओडब्लू के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय तथा विशेष लोक अभियोजक मिथिलेश वर्मा ने शासन का पक्ष रखते हुए कोर्ट को बताया कि मामले की जांच जारी है। ईओडब्लू के वकीलों ने कोर्ट को बताया कि डिस्टलरी संचालकों के खिलाफ अब तक कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं, इस वजह से उनकी गिरफ्तारी नहीं की गई है।

सीबीआई ने पांच लाख लेते रंगे हाथ पकड़ा

# सेंट्रल जीएसटी के अफसर ने दुर्ग के कारोबारी से मांगे थे 34 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सीबीआई ने भरत सिंह तथा विनय राय को किया है गिरफ्तार

सीबीआई ने शुक्रवार को सेंट्रल जीएसटी के ऑफिस में जो छापे की कार्रवाई की थी, उसकी वजह सेंट्रल जीएसटी के दो अफसरों द्वारा कारोबारी ग्रुप से 34 लाख रिश्वत की मांग करना है। इसके साथ ही सीबीआई ने अफसरों को कारोबारी से पांच लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने दुर्ग, स्टेशन रोड स्थित कारोबारी मेसर्स द वर्ल्ड ऑफ ब्यूटी के संचालक लालचंद अठवानी तथा महेश अठवानी की शिकायत पर सीजीएसटी के सुपरिंटेंडेंट भरत सिंह, विनय राय तथा सीजीएसटी से जुड़े किसी मिश्रा नाम के अफसर को गिरफ्तार किया है। अफसरों पर आरोप है कि कारोबारी की अनुपस्थिति में वे उनके प्रतिष्ठान में छापे की कार्रवाई करने पहुंचे थे। कार्रवाई करने पहुंचे अफसर तीर्थ यात्रा करने गए कारोबारी को वापस बुलाकर अपने साथ ले गए और मामला रफा-दफा करने पैसों की मांग की।




### ट्रैप होने के बाद छापे की कार्रवाई

सीबीआई ने रिश्वतखोर अफसरों को वीआईपी रोड स्थित करेंसी टॉवर स्थित कैफे में रिश्वत लेते शुक्रवार सुबह ट्रैप किया है। इसके बाद पुलिस ने संबंधित सीजीएसटी के अफसरों के निवास तथा ऑफिस में पूरे दिन छापे की कार्रवाई करने के साथ पूछताछ की। सीबीआई की टीम शुक्रवार को सेंट्रल जीएसटी के कार्यालय में पूरी रात कार्रवाई करती रही।

### 70 लाख की मांग

कारोबारी के अनुसार अफसरों ने उनके कारोबार का करोड़ों रुपए टैक्स बकाया होने का भय दिखाकर अपने साथ रायपुर चलने विवश किया। 29 जनवरी को सुबह कारोबारी को अपने साथ रायपुर ले आए। रायपुर लाने के बाद जीएसटी के अफसरों ने कारोबारी को ऑफिस ले जाने के बजाय करेंसी टॉवर ले गए और वहां उनसे मामला सेटल करने 70 लाख रुपए की मांग की। मोल-भाव करने पर 11 लाख टैक्स पटाने के साथ ऊपर के 34 लाख रुपए देने समझौता किया।

### कर्ज लेकर पांच लाख रुपए रिश्वत देने पहुंचा

कारोबारी के अनुसार व्यापार में नुकसान होने के बाद उन्होंने अपनी प्रापर्टी बेचकर कारोबार में पैसा निवेश किया है। उनकी वर्तमान स्थिति ऐसी नहीं है कि वो तत्काल में पांच लाख रुपए की व्यवस्था कर सकें। इसके लिए कारोबारी पांच लाख रुपए कर्ज लेकर सीजीएसटी के अफसरों को रिश्वत देने पहुंचा था।

### तीर्थ यात्रा से वापस बुलाया

कारोबारी नवीन आठवानी के मुताबिक सेंट्रल जीएसटी के अफसर उनके संस्थान में 28 जनवरी को शाम के समय उनकी अनुपस्थिति में छापे की कार्रवाई करने पहुंचे थे। तब वे परिवार सहित प्रयागराज कुंभ स्नान करने के बाद अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान अफसरों ने उन्हें कॉल कर अर्जेंट आने के लिए कहा। आरोप है कि कारोबारी जैसे ही अपने घर पहुंचे, सीजीएसटी के अफसरों ने उनके घर का सीसीटीवी कैमरा कनेक्शन काट दिया।

# इच्छा रखता था दूसरों की भलाई की, एक्सीडेंट में हुआ ब्रेनडेड तो परिवार ने कर दिया अंगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- किडनी, लिवर के जरिए तीन युवकों को दिया नया जीवन

दूसरों की भलाई करने की इच्छा रखने वाला आर्यंस आडिल सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होकर ब्रेनडेड हो गया। माता-पिता उसकी इच्छा से परिचित थे इसलिए उसके अंगों का दान कर तीन युवकों को नया जीवन प्रदान किया। आर्यंस आडिल की आंखें भी दो के जीवन में उजाला लेकर आएंगी।

अमलेश्वर के ग्राम पाहंदा में रहने वाला 18 साल का आर्यंस (बिट्टू) इस दुनिया में भले ही नहीं रहा हो, मगर उसके शरीर के अंगों की मदद से कुछ लोग अपना जीवन स्वस्थ होकर गुजार पाएंगे। आर्यंस असीम आडिल का इकलौता पुत्र था और जेईई की पढ़ाई कर रहा था। 29 जनवरी की सुबह परीक्षा दिलाकर वह घर लौट रहा था, इसी दौरान महादेव घाट पुल के समीप एक लापरवार वाहन चालक ने उसे ठोकर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था, जिसके बाद उसे इलाज के लिए मोहबा बाजार के सुयश अस्पताल में दाखिल किया गया था। डाक्टरों की भरसक कोशिश के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका और ब्रेनडेड घोषित कर दिया गया। आर्यंस की इस स्थिति का पता चलने पर आडिल परिवार पर जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जवान बेटे को खोने का गम सह रहे असीम ने बच्चे की सोच का मान रखते हुए उसका अंगदान करने की इच्छा जाहिर की।

### प्रदेश का 11वां अंगदान

एम्स में शनिवार को प्रदेश का 11वां अंगदान पूरा हुआ। इसके पूर्व 13 दिसंबर को डोंगरगढ़ में रहने वाली एक युवती के ब्रेनडेड होने पर परिवार वालों ने उसकी किडनी के जरिए जरूरत मंद मरीज को नया जीवन प्रदान किया था। प्रदेश में अभी बड़ी संख्या में बीमारी से जूझ रहे लोगों को किडनी और लिवर की जरूरत है।

# 14 वार्डों में सिर्फ भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी, सबसे ज्यादा 51 व 56 वार्ड में 10-10 प्रत्याशी लड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नामांकन वापस लेने के बाद नगर निगम रायपुर के 70 वार्डों में 306 पार्षद प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं। इन वार्डों में 14 वार्ड ऐसे हैं, जहां सिर्फ भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी ही खड़े हैं, जबकि 17 वार्डों में 3-3 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इसी प्रकार 12 वार्डों में 4-4 प्रत्याशी, 8 वार्डों में 5-5 प्रत्याशी, 6 वार्डों में 6-6 प्रत्याशी, 7 वार्डों में 7-7 प्रत्याशी एवं 2-2 वार्डों में 8, 9 एवं 10-10 प्रत्याशी मैदान पर हैं। सबसे ज्यादा 10-10 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 51 एवं 56 में है। जिन वार्डों में प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा है, वहां भाजपा-कांग्रेस के अलावा कहीं-कहीं आप, बसपा, शिवसेना सहित अन्य राजनीतिक दलों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी हैं।

### इन वार्डों में रोमांचक मुकाबले होने की संभावना

लालबहादूर शास्त्री वार्ड क्रमांक 51, ले. अरविंद दीक्षित वार्ड क्रमांक-56, ब्राम्हणपारा वार्ड-43, श्यामप्रसाद मुखर्जी वार्ड-61, बाबू जगजीवन वार्ड-53, वीर सावरकर नगर वार्ड-1, वामनराव लाखे वार्ड-66, भक्तमाता कर्मा वार्ड-67,चंद्रशेखर आजाद वार्ड-60, पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड-9, बाल गंगाधार तिलक वार्ड-18, डा. एपीजी अब्दुल कलाम वार्ड-19, अब्दुल हमीद वार्ड-35, शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड-37 आदि वार्डों में 5 से अधिक प्रत्याशी मैदान में है। इस कारण इन वार्डों में मुकाबले रोमांचक हो सकते हैं।

### नगर निगम रायपुर के 70 में से 43 वार्डों में 2, 3 एवं 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में




### जिन वार्डों में प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा वहां जीत का अंतराल भी होगा कम

जिन वार्डों में प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा हैं, उन वार्डों में प्रत्याशियों के लिए एक-एक वोट बहुत मायने रखेगा। इस कारण इन वार्डों में प्रत्याशियों को वोट पाने के लिए मेहनत भी ज्यादा करनी होगी, क्योंकि प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा होने से वोट भी बटेंगे। ऐसे में इन वार्डों में हार-जीत में वोटों का ज्यादा अंतराल नहीं रहेगा। इससे पूर्व में हुए पार्षद चुनाव में देखा गया है कि कोई वार्ड में कुछ वोटों से प्रत्याशियों की जीत-हार हुई है। अवंति बाई वार्ड में पिछले चुनाव में भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी के बीच टाई की स्थिति आ गई थी, जिसके बाद निर्वाचन आयोग को दोबारा मतगणना करना पड़ा था। इसके बाद एक वोट से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हुई थी।

# पीआरए ग्रुप में 37 करोड़ की टैक्स चोरी, संबंधित संस्थानों में टीडीएस की दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- तीन दिन पूर्व आयकर विभाग की टीम सर्वे करने कारोबारी ग्रुप पहुंची थी
- कारोबारी ग्रुप को 15 मार्च तक एडवांस टैक्स जमा करने दिए निर्देश

बड़े कंस्ट्रक्शन पीआरए कारोबारी समूह में सर्वे करने पहुंची आईटी की टीम ने 37 करोड़ रुपए टैक्स चोरी करने का खुलासा किया है। टैक्स चोरी होने के खुलासे के बाद शनिवार को कारोबारी समूह से जुड़े अन्य कारोबारी संस्थानों में टीडीएस की टीम जांच करने पहुंची है। पीआरए ग्रुप के तेलीबांधा स्थित संस्थान में गुरुवार को आयकर विभाग की करारोपण टीम सर्वे करने पहुंची थी। आईटी की करारोपण टीम कारोबारी समूह द्वारा बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी करने की शिकायत मिलने के बाद सर्वे करने पहुंची थी। कारोबारी समूह के कम्प्यूटर हार्ड डिस्क के साथ लैपटॉप, मोबाइल से बैकअप लेने के साथ दस्तावेजों की पड़ताल की, तो कारोबारी समूह द्वारा 37 करोड़ रुपए टैक्स चोरी किए जाने का मामला सामने आया। 37 करोड़ रुपए टैक्स चोरी का मामला सामने आने के बाद कारोबारी समूह से जुड़े पंडरी स्थित अन्य कारोबारी संस्थानों में टीडीएस की टीम जांच करने पहुंची है।




### एडवांस टैक्स जमा करने निर्देश

आईटी की करारोपण टीम ने कारोबारी समूह को टैक्स चोरी की राशि जमा करने के साथ ही अनिवार्य रूप से 15 मार्च तक एडवांस टैक्स जमा करने निर्देश दिए हैं। कारोबारी समूह ने भी नए वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने के पूर्व एडवांस टैक्स की राशि जमा करने स्वीकृति प्रदान की है।

# छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद से योगेश ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- डेढ़ साल बचा था कार्यकाल

छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए पूरी कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा भी की है। उन्होंने विधिवत इसकी सूचना एसोसिएशन को दी है।

उन्होंने कहा, प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में मैंने और पूरी टीम ने सबकी सेवा करने अपनी पूरी ऊर्जा से काम किया, परंतु अब मैं अध्यक्ष के रूप में काम नहीं करना चाहता। अपने अध्यक्ष पद से त्यागपत्र देता हूं व पूरी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा करता हूं। साय सरकार ने मिलर्स की सभी मांगों को मान भी लिया है। सरकार और अधिकारियों ने मुझे पूरा सहयोग दिया, इसके लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

### 2023 में हुआ था चुनाव

योगेश अग्रवाल लंबे समय से अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। राइस मिलर्स एसोसिएशन का चुनाव 3 सालों के लिए होता है। पिछली बार यह चुनाव अक्टूबर 2023 में हुआ था। अभी डेढ़ साल उनका कार्यकाल बचा था।

## महापौर-पार्षद चुनाव के लिए हर वार्ड में दो-दो ईवीएम मशीने लगेंगी

# एक ईवीएम में सिर्फ महापौर, दूसरी में पार्षद-महापौर दोनों प्रत्याशी के बटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

नगरीय निकाय चुनाव में महापौर, अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के लिए ईवीएम मशीनों से चुनाव होगा। बैलेट यूनिट में महापौर व अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए सफेद पेपर एवं पार्षद प्रत्याशी के लिए पिंक पेपर होगा। नगर निगम रायपुर में महापौर और पार्षद पद के लिए मतदान के दौरान प्रत्येक वार्ड में दो-दो ईवीएम मशीनें लगेंगी।

एक बैलेट यूनिट में 16 बेल बटन होते हैं। इस तरह 16 प्रत्याशियों के नाम एक यूनिट में होते हैं, लेकिन नगर निगम रायपुर में महापौर पद के लिए 16 प्रत्याशी मैदान पर हैं। इसे देखते हुए जिला निर्वाचन आयोग ने ऐसी व्यवस्था की है कि दो बैलेट यूनिट में से एक में सिर्फ महापौर के 14 प्रत्याशियों के नाम होंगे। इस बैलेट यूनिट का पहला और अंतिम बटन को खाली रखा जाएगा। शेष 2 महापौर सहित वार्ड से पार्षद पद के लिए लड़ने वाले प्रत्याशियों के नाम दूसरे बैलेट यूनिट में होंगे। हालांकि दूसरे बैलेट यूनिट में नोटा के भी दो बटन होंगे। ये दोनों बटन महापौर-पार्षद के संयुक्त बैलेट यूनिट में होंगे। इनमें एक बटन महापौर प्रत्याशियों के नाम के बाद और दूसरा पार्षद प्रत्याशियों के नाम के बाद होगा। इस तरह अगर कोई मतदाता महापौर या पार्षद पद में से किसी भी प्रत्याशी को वोट देना नहीं चाहता, तो वह नोटा बटन का इस्तेमाल कर सकता है।



### वोट देते समय रखना होगा ध्यान

महापौर और पार्षद दोनों पद के लिए वोट करते समय प्रत्येक मतदाता को दोनों ईवीएम मशीन में वोट करना है। इस दौरान मतदाताओं को कई चीजों का ध्यान रखना होगा। महापौर प्रत्याशियों के लिए एक ईवीएम मशीन है, लेकिन दूसरी मशीन में महापौर और पार्षद दोनों प्रत्याशी के नाम होंगे। ऐसे में मतदाता एक वोट करेगा, तो बीप की छोटी आवाज आएगी और दूसरा वोट करने पर बीप की लंबी आवाज आएगी। इस तरह दोनों वोट देने के बाद ही बीप की लंबी आवाज आएगी। दूसरा वोट नहीं दिया तो ईएनडी का बटन दबाना होगा वोटिंग के दौरान अगर कोई मतदाता महापौर या पार्षद में किसी एक को वोट देने के बाद दूसरे को वोट देना भुल जाता या नहीं देता है, तो बीप की लंबी आवाज भी नहीं आएगी। ऐसे में मतदान केंद्र में मौजूद पीठासीन अधिकारी या अन्य मतदान कर्मचारी मतदाता को पहले जानकारी देगा कि वह एक वोट करना भूल गया है। अगर इसके बाद भी मतदाता का दूसरा वोट देने का मन नहीं है, तो उसे वोटिंग की प्रक्रिया पूरी करने के लिए मशीन का इंड (ईएनडी) बटन को दबाना होगा।

### कंट्रोल यूनिट में मेमोरी बैकअप, खराब हुआ तो फिर वोटिंग का डाटा रहेगा सुरक्षित

ईवीएम मशीन में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट से कनेक्ट होता है। एक कंट्रोल यूनिट में कई बैलेट यूनिट लगाए जा सकते हैं। वोटिंग का सारा डाटा कंट्रोल यूनिट में ही सेव होता है। ऐसे में अगर मतदान के दौरान कोई कंट्रोल यूनिट में खराबी आ जाए तो उसकी जगह दूसरा कंट्रोल यूनिट लगाया जाएगा, वहीं खराब होने बाद भी कंट्रोल यूनिट में वोटिंग का डाटा सुरक्षित रहेगा, क्योंकि कंट्रोल यूनिट में डाटा बैकअप के लिए डीएमएम मेमोरी कार्ड भी लगा हुआ है, जो सीलबंद रहेगा। इस मेमोरी कार्ड को मतगणना के दिन ही खोला जाएगा।

# निकायों में दो वोट देने होंगे, दोनों की वोटिंग बाद ही बजेगी लंबी बीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरीय निकाय चुनाव आगामी 11 जनवरी को होने वाली हैं। इसमें इस बार एमटू मशीन लांच किया गया है। यानि इस ईव्हीएम में वीवी पैड नही रहेगा। इसमें वोट देने के बाद पर्ची नही निकलेगी। वहीं दूसरी बडी बात यह है कि, नगरनिगम में मेयर और पार्षद और परिषद और नगर पंचायतों में अध्यक्ष और पार्षद का चुनाव होगा। प्रत्येक वोटरों को दो वोट देने है। इसमें एक वोट देने पर बटन हल्की बीप देगी। लेकिन दो वोट देने के बाद ही मतदान पूरा माना जाएगा और इसके बाद ही मशीन लंबी बीप शो करेगी। बहरहाल जिला निर्वाचन आयोग प्रचार प्रसार में जूट गया है।

## एक वोट मेयर व अध्यक्ष का और दूसरा पार्षद के लिए देने होंगे

### महापौर का नाम सफेद, पार्षद का गुलाबी पेपर

जानकारी दी गई कि, इस बार ईवीएम में दो मतदान किया जाएगा एक महापौर, अध्यक्ष के लिए होगा। वहीं दूसरा मतदान पार्षद के लिए होगा। महापौर प्रत्याशी का नाम सफेद रंग के बैलेट पेपर पर छपेगा और पार्षद प्रत्याशी का नाम व चिन्ह गुलाबी रंग के पेपर पर छपेगा। मतदाता पार्षद या महापौर किसी को भी पहले वोट दे सकते हैं। महापौर और पार्षद दोनों के लिए नोटा बटन रहेगा।




### एक वोट को कहा जाएगा अंडर वोट

यदि किसी मतदाता ने किसी एक कैंडिडेट को वोट दिया तो लंबी बीप नहीं बजेगी। इस तरह के मतदान को अंडर वोट कहा जाएगा। बताया कि, ईवीएम में दोनों मतदान एक सेकंड से भी कम समय के अंतराल में पूरा हो जाएगा और दोनों मतदान करने पर लाल लाइट जलेगी और लंबी बीप बजेगी। जिसका आशय है मतदान पूरा हो गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी विरेन्द्र सिंह ने बताया कि, विधानसभा और लोकसभा में एम तीन ईव्हीएम मशीन था, लेकिन इसमें एक से अधिक वोटिंग करने के कारण एम टू का इस्तेमाल हो रहा है। इसमें वीवीपैट मशीन नही होगा। इस मशीन का उपयोग एक से ज्यादा मतदान के लिए किया जाता हैं।

जानकारी अनुसार शनिवार को जिला निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की उपस्थिति में ईव्हीएम मशीन का प्रदर्शन किया गया। उल्लेखनीय हैं कि, नगरीय निकाय चुनाव के लिए ईवीएम से मतदान प्रक्रिया कराई जाएगी। इसके लिए निकायों के वार्डो में आगामी दिनों कार्यशाला का आयोजन कराया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि, सभी एआरओ को ईव्हीएम मशीन जारी कर दिया गया है, जो वार्डवार इसका प्रदर्शन करेगें। बहरहाल अभ्यर्थियों के सामने प्रदर्शन किया जा चुका है। वहीं कार्यशाला में राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों और मीडिया प्रतिनिधियों को ईवीएम से मतदान के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### 35 पौवा शराब के साथ कोचिया पकड़ाया



**दल्लीराजहरा।** शराब का अवैध परिवहन करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी का नाम मोंगरा दफाई राजहरा निवासी सतीश हुमने (उम्र 42 वर्ष) बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपी से 35 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 3150 रूपए बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को मिलेगी नेत्र ज्योति

**दुर्ग।** नेहरू नगर राजनांदगाव निवासी धनीराम श्रीवास के निधन के पश्चात परिवार द्वारा उनके नेत्रदान किया। धनीराम श्रीवास के निधन के पश्चात उनके पुत्र गजेंद्र श्रीवास से नवदृष्टि फाउंडेशन राजनांदगाव के सदस्यों ने संपर्क किया और नेत्रदान की मंशा जाहिर की। श्रीमती लता देवी (धर्मपत्नी), श्रीमती सावित्री श्रीवास (पुत्रवधु), श्रीमती रागिनी सेन- जीतेन्द्र सेन (पुत्री- दामाद), श्रीमती सविता ठाकुर, विनोद ठाकुर (पुत्री- दामाद), श्रीमती डाली उमरे- संजय उमरे (पुत्री- दामाद) एवं समस्त परिवार की सहमति से नेत्रदान करवाया।

### सेवानिवृत्त भृत्य क़ो दी गई बिदाई

**दुर्ग।** अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय (रा) दुर्ग में पदस्थ रहें भृत्य छोटे लाल यादव क़ो उनकी सेवानिवृत पर एसडीएम परिवार द्वारा बिदाई दी गई। छोटेलाल यादव 1980 में डेलीविजेश के रुप में नौकरी की शुरुआत की थी और 1994 में नियमित होकर शासकीय सेवक के रुप में नौकरी में आये तब से लेकर आज तक अनवरत रुप से राजस्व भृत्य के रुप में तहसील कार्यालय एवं एसडीएम कार्यालय में पदस्थ रहें एवं शासकीय दायित्वों का निर्वहन किये। बिदाई समारोह में तहसील एवं एसडीएम कार्यालय के समस्त स्टॉफ, तहसीलदार दुर्ग और एसडीएम हरवंश सिंह मिरी उपस्थित होकर छोटेलाल यादव के अब तक सेवाकाल में उनके द्वारा की गई सेवा की तारीफ करते हुए उनके सुखद स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई एवं साल श्रीफल से सम्मानित कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

### वर्षगांठ पर ध्वजारोहण उत्सव 3 को

**दुर्ग।** श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में 3 फरवरी को तीर्थ प्रतिष्ठा का 30 वीं वर्षगांठ ध्वजारोहण उत्सव मनाया जाएगा। इस उत्सव में निश्रा प्रदान करने अध्यात्मयोगी उपाध्याय प्रवर महेन्द्रसागर, उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागर शिष्यवृंद तीर्थ पधार रहे हैं। पूज्य गुरु भगवंतों की निश्रा में तीर्थ संकुल में प्रतिष्ठित मंदिरावली के उत्तुंग 57 शिखरों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इस तीर्थ के तीर्थपति श्री उवसग्गहरं पार्श्व प्रभु के शिखर पर श्राविका उगमदेवी मांगीलाल पगारिया, श्रीमती दुर्गादेवी गजराज पगारिया परिवार रायपुर द्वारा ध्वजारोहण किया जावेगा।

## त्रिस्तरीय चुनाव : कांग्रेस ने जारी किया जिला पंचायत के बारह सीटों की सूची

# जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा की कटी टिकट, सिर्फ दो महिला ही रिपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा की कांग्रेस ने जिला पंचायत सदस्य के लिए टिकट काट दी है, वहीं कांग्रेस ने पुराने सदस्य में लक्ष्मी साहू और योगिता चंद्राकर पर ही भरोसा जताया हैं। जबकि बारह में दस सीट पर कांग्रेस ने इस बार नए चेहरे उतारे है। हांलाकि इन सीटों में आरक्षण के कारण दो सीट अशोक साहु व आकाश कुर्रे वंचित हो गए थे।

हांलाकि उपाध्यक्ष अशोक साहू का निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 महिला आरक्षित होने पर उनकी पत्नी सुमन साहू को मैदान में उतारा है, वहीं पुराने चेहरे में क्षेत्र क्रमांक 6 से लक्ष्मी साहू व क्षेत्र 8 से योगिता चंद्राकर पर विश्वास जताते हुए जिला पंचायत सदस्य के लिए कांग्रेस का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। इसी प्रकार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से शिव कुमार वर्मा, क्षेत्र 2 दानेश्वर साहू, क्षेत्र 3 उषा सोने, क्षेत्र क्रमांक 4 से आकाश कुर्रे की जगह उनकी पत्नी हिमांशी कुर्रे, क्षेत्र क्रमांक 5 से पुष्पा यादव की जगह विक्रांत अग्रवाल, क्षेत्र 7 आशा मिश्रा, क्षेत्र 9 देवेन्द्र चंद्रवंशी, क्षेत्र 10 संतोषी तिवारी एवं क्षेत्र क्रमांक11 से नोमिन ठाकुर को जिला पंचायत सदस्य के लिए कांग्रेस का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है।

## पुराने चेहरे में लक्ष्मी व योगिता पर जताया विश्वास, शेष सीट पर नए चेहरे उतारे




### भाजपा ने भी एक महिला का काटा टिकट

जिला पंचायत की बैठकों में सबसे ज्यादा मुखर रहने वाली सदस्य चंद्रकला मनहर, जितेन्द्र साहू एवं हर्षा चंद्राकर का नाम शामिल नहीं किया गया है। भाजपा ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से पवन शर्मा, क्षेत्र2 मनीष साहू, क्षेत्र 3 अमिता बंजारे, क्षेत्र 4 सरस्वती बंजारे, क्षेत्र 5 जितेन्द्र यादव, क्षेत्र 6 वीणा देशमुख, क्षेत्र 7 माया बेलचंदन, क्षेत्र 8 श्रद्धा साहू, क्षेत्र 9 दिव्या कलिहारी, क्षेत्र 10 नीलम चंद्राकर, क्षेत्र 11 शैलेन्द्री मंडावी एवं क्षेत्र 12 से कल्पना साहू को प्रत्याशी घोषित किया है।

### जनपद में 5 पुराने चेहरे रिपिट

दुर्ग जनपद क्षेत्र से भी कांग्रेस ने अधिकृत प्रत्याशियों सूची जारी की है। इसमें उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़ व सभापति राकेश हिरवानी सहित 6 पुराने चेहरे को पार्टी की ओर से पुनः अधिकृत किया गया है। जबकि जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख की जगह उनकी पत्नी हेमलता देशमुख को पार्टी ने मैदान में उतारा है। जनपद सदस्य के लिए कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशियों में जनपद निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 से सरस्वती सेन, क्षेत्र 2 मिलंतीन ठाकुर, क्षेत्र 3 अजय वैष्णव, क्षेत्र 4 राजेन्द्र ठाकुर, क्षेत्र 5 माया साहू, क्षेत्र 6 किशोर यादव, क्षेत्र 7 कुलेश्वरी साहू, क्षेत्र 8 सविता साहू, क्षेत्र 9 शोभा रवि ताम्रकार, क्षेत्र 10 पन्ना यादव, क्षेत्र11 दीपिका चंद्राकर, क्षेत्र 12 प्यारी निषाद, क्षेत्र 15 किशोरी लाल देशमुख, क्षेत्र 16 दामिनी साहू, क्षेत्र 17 लीलावती देशमुख, क्षेत्र 18 मनीष चंद्राकर, क्षेत्र 19 हेमलता देशमुख, क्षेत्र 20 सुरेन्द्र दास, क्षेत्र 21 राकेश हिरवानी, क्षेत्र 22 झमित गायकवाड़, क्षेत्र 23 लता कुर्रे, क्षेत्र 24 से अरविंद बंजारे का नाम शामिल है।

# निराशाजनक है केंद्र का बजट : विधायक संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



■ संजारी-बालोद विधायक ने कहा- हर वर्ग के लोगों को छला गया है

केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत पूर्ण बजट को संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि इसमें युवाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं है।

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि केन्द्रीय बजट में किसानों, युवाओं, छात्रों और महिलाओं को लेकर महत्वपूर्ण मुद्दों की अनदेखी की गई है, उन्हें छला गया है। कृषि क्षेत्र में संरचानात्मक सुधारों की जरूरतों पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के रोजगार के लिए ठोस उपायों की अनदेखी की गई है। शिक्षा क्षेत्र में बुनियादी सुधारों पर भी ठोस रणनीति का अभाव है। महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों की अनदेखी हुई है। रोजगार, वित्तीय समावेश, शिक्षा, स्वास्थ और सामाजिक सुरक्षा में सुधार की दिशा में और ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत थी, लेकिन इस दिशा में भी ध्यान नहीं दिया गया है। महिला, किसान, छात्र, युवा समाज के इन चारों वर्ग की भारी अनदेखी की गई है।

संगीता सिन्हा ने कहा कि बजट में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ठोस नीति नहीं दी गई है, किसानों की लंबे समय से मांग रही है कि एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाए, लेकिन बजट में इस पर कोई स्पष्ट घोषणा नहीं हुई। कृषि सब्सिडी में कटौती के अंतर्गत उर्वरक और अन्य कृषि इनपुट्स पर सब्सिडी में कमी से कृषि की लागत बढ़ सकती है। ऋण माफी पर कोई योजना नहीं हैं। किसानों की कर्जमाफी की मांग के बावजूद केन्द्र सरकार ने इस पर कोई पहल नहीं की है। इसके साथ ही उन्होंने सिंचाई प्रबंधन, फसल बीमा योजना, रोजगार, सरकारी भर्ती सहित विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा कोई उपाय नहीं किए जाने का आरोप लगाया है।

# सीएएफ जवान के घर चोरी, सोने-चांदी के जेवर हुए पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम साल्हे का मामला

ग्राम साल्हे के सीएएफ जवान के कमरे से रात के अंधेरे में अज्ञात चोर द्वारा सोने चांदी जेवरात की चोरी करने का मामला सामना आया है। सोने चांदी की जेवरात की कीमत लगभग 95000 रूपये बताई जा रही है। डौंडी थाने में प्रार्थी की रिपोर्ट पर शनिवार को अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305(ब), 331 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ग्राम साल्हे निवासी आंगनबाड़ी सहायिका केशरी माहला ने बताया कि मेरे दो लड़के हैं। बड़ा लड़का रूपेश माहला सीएएफ की नौकरी करता है, जो अपने परिवार के साथ जगदलपुर में रहते हैं। और बीच-बीच में आना जाना करते हैं।

बड़ा लड़का अपने परिवार सहित माह जुलाई 2024 में नौकरी करने जगदलपुर गया है, मैं और मेरा छोटा लडका राकेश माहला एवं बहु पूजा माहला एवं नाती के साथ रहते हैं। बड़ी बहू प्रतिभा माहला द्वारा अपने सोने चांदी के सामान को आलमारी में रखकर ताला लगाकर चाबी को अपने पास रखी थी। शुक्रवार को रात में बड़े लड़के के कमरे में ताला लगाकर सोई थी।

शनिवार को रात लगभग 2:30 बजे उठी तो मेरे कमरे के एक दरवाजा में बाहर से सांकल लगा था। मैं दूसरे दरवाजा से बाहर निकलकर लाईट जलाकर देखी, तो बड़े लड़के के कमरा का दरवाजा खुला था।

मैं कमरा अंदर जाकर देखी तो कमरा में रखे सामान बिखरा हुआ था। आलमारी खुली थी और सोने चांदी के जेवर नहीं थे। तब बड़े लड़के को रात में ही घटना के बारे में बतायी। उन्होंने बताया कि कोई अज्ञात चोर एक नग सोने का फुल्ली, सोने का झुमका, सोने का मंगलसूत्र पांच पत्तीवाला एवं 6 नग गेहूंदाना, सोने का मंगलसूत्र लंबा वाला, सोने की अंगूठी, चांदी की करधन, चांदी की पायल, बिछिया, चांदी की अंगूठी को ले गया।

# जिज्ञासाओं को शांत करने हर वार्ड में लगेगी ईवीएम की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



■ डमी मतपत्रों का किया जाएगा प्रयोग

नगर पालिक निगम चुनाव में इस बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा। ईवीएम को लेकर मतदाताओं के मन में तमाम जिज्ञासाओं को शांत करने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की ओर से शहर क्षेत्र के हर वार्ड में प्रतिदिन ईव्हीएम मशीन का प्रदर्शन कर जानकारी दी जाएगी। इसके लिए 2 फरवरी को सुबह 11 से 5 बजे तक मतदान केंद्रों एवं चौक चौराहों में जानकारी एवं प्रदर्शन के तहत वार्ड क्रमांक 14 सिकोला भाठा, वार्ड क्रमांक 27 पोलसायपारा, वार्ड क्रमांक 1 नया पारा के अलावा सिविल लाइन वार्ड क्रमांक 39 में किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, प्रत्येक प्रदर्शन केन्द्र में मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी लगाई गई है, जो ईवीएम के संचालन एवं मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी आम नागरिकों को डिमोंस्ट्रेट करके बताएंगे। साथ ही उनकी शंकाओं का निराकरण करेंगे। नाम वापसी की तिथि से मतदान के दो दिवस ईवीएम का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें डमी मतपत्र प्रयोग किया जाएगा। डमी मतपत्र में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या समान हो सकती है, लेकिन निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम एवं प्रतीक डमी मतपत्र में मुद्रित नहीं होंगे। इसके अलावा प्रत्येक जिले में चुनाव नियम और ईवीएम डेमो के लिए मीडिया वर्कशॉप का भी आयोजन किया जाएगा।

# विकासखंड भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में तारिणी प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

देवसंस्कृति विश्व विद्यालय हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विकासखंड स्तर के साथ-साथ विद्यालय स्तर पर भी सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया।

इसमें कक्षा स्तर पर नवमी से तारणी प्रथम, प्रतिमा द्वितीय, दसवीं से गीतू प्रथम, तेजस्वी द्वितीय, ग्यारहवीं से गीताजंली प्रथम, भावना द्वितीय, बारहवीं से लवकिशोर प्रथम, सोमी कोमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय स्तर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी हेमंत साहू विगत कई वर्षों से सफलता पूर्वक संचालन करवा रहे हैं। सफल छात्रों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ व्याख्याता एलके ठाकुर ने बच्चों को अपनी संस्कृति और सभ्यता को जानना और आत्मसात करके आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने बताया कि विद्यालय में 200 से अधिक छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के आयोजन में एनुका शार्वा, डुप्ले शाहू, छायानंदा, लवण साहू, रीना मंडल, तेजेश्वरी साहू का विशेष सहयोग रहा। संस्थान की तरफ से इन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय स्तर में पुरस्कार वितरण में समस्त व्याख्याता डीआर साहू, श्री देशमुख, पुष्पा कटेंद्र, अविनाश साहू, सौरभ शर्मा, भूपेंद्र पटेल, सूर्योदय मानिकपुरी एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

## निधन

### जसराज गुणधर

**डोंडी।** जैन समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं समाज सेवी जसराज गुणधर का 2 फरवरी को निधन हो गया। उनकी बैकुंठी यात्रा 3 फरवरी को सुबह 10 बजे, निज निवास से मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे मांगीलाल गुणधर के पिता, माणकचन्द, नगराज व प्रकाश चंद गुणधर के काका तथा भावेश बाघमार के नाना जी थे।

### दादूलाल पांडे



**बालोद/निकुम।** ग्राम निकुम बस्तीपारा बाजार चौक निवासी 85 वर्षीय बीएसपी सेवानिवृत्त दादूलाल पांडे का रविवार को निधन हो गया। वे हेमंत पांडे व किशोर पांडे के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम निकुम स्थित मुक्तिधाम में 3 फरवरी सोमवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा।

## पेज 9 के शेष

### 13 नाबालिग बच्चों को खोजकर ...

अधिकारी के नेतृत्व में संबंधित थाना तथा सायबर सेल की टीम को दस्तयाबी हेतु भेजी गई। टीम के द्वारा अपनी सूझबूझ व दक्षता का परिचय देते हुए, जिले में गुम इंसानों को दस्तयाब करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। उक्त कार्रवाई में संबंधित थाने के थाना प्रभारी एवं स्टाफ, जिला साइबर टीम ने उल्लेखनीय कार्य किया गया।

### एक ही ईवीएम में ...

मीडिया प्रतिनिधियों से अपील कर कहा कि वे ईवीएम के संचालन की बारिकियों को समझें, वोट कैसे करना है इसकी जानकारी आम लोगों तक पहुँचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर विजय देवांगन ने मतदान के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली ईवीएम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। मास्टर ट्रेनर देवांगन द्वारा मतदान के दौरान ईवीएम में होने वाली प्रत्येक स्थितियों में मशीन के संचालन के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिले के मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जर्जर होकर सड़क ....

कि पोल जर्जर होने की जानकारी कई बार दे चुके हैं, लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। इसके कारण आस पास रहने वाले लोग जाली और तार के माध्यम से पोल को सहारा दिए हैं। वहीं, पोल के आसपास मोहल्ले के बच्चे खेलते रहते हैं और राहगीरों तथा मोहल्लेवासियों का आना-जाना लगा रहता है। पोल का निचला हिस्सा क्रैक हो गया है जिसके चलते पोल सड़क की ओर झुक गया है। इसके कारण वहां खेलने वाले बच्चों और राहगीरों के लिए खतरा बना रहता है। नागरिकों ने जल्द से जल्द जर्जर पोल को बदलने की मांग की है।

## अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया की दी गई जानकारियां

**दुर्ग।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद एक्का ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों और अभिकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अभ्यर्थियों और अभिकर्ताओं को आदर्श आचरण संहिता सहित निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित अन्य बिंदुओं से विस्तार से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने अभ्यर्थियों से आदर्श आचरण संहिता के अक्षरशः पालन करने अपील भी की। अभ्यर्थियों को ईव्हीएम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अभ्यर्थियों द्वारा उठाए गए सारे शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी हरवंश मिरी, श्रीमती लता उर्वशा, दिवाकर राठौर, तुषार त्रिपाठी, प्रफुल्ल गुप्ता भी उपस्थित थे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


## खबर संक्षेप

### विधायक चंद्राकर ने दी बसंत पंचमी की शुभकामनाएं

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने माँ सरस्वती की अराधना के पर्व बसंत पंचमी की नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि माँ सरस्वती हम सबके जीवन को शिक्षा, ज्ञान एवं विवेक के प्रकाश से निरंतर आलोकित करते रहें। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं आशा करता हूं कि यह पर्व आपके जीवन में नई खुशियों और नई उमंग का संचार करेगा।



### नगर पहुंचीं पंडरिया विधायक भावना कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**डोंडीलोहारा।** शनिवार को दल्लीराजहरा जाने के दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा डौंडीलोहारा पहुंचीं।इस दौरान कालीमाता मंदिर के पास भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर बालोद भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी कुंवर लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम तथा आसपास के भाजपा मंडलों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा प्रत्याशी सविता ने दाखिल किया नामांकन



**गुरूर।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 से भाजपा प्रत्याशी सविता अरूण साहू ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कनेरी सरपंच दिनेश्वरी सिन्हा एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### खड़े ट्रक से टकराई पिकअप, चालक घायल

**बालोद।** ग्राम डंगनिया मुख्य मार्ग पर बिना किसी सिग्नल के खड़े ट्रक से पिकअप वाहन टकरा गया। दुर्घटना में पिकअप चालक को चोटें आई हैं। वाहन भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में गुण्डरदेही थाने में 31 जनवरी को ट्रक चालक के खिलाफ धारा 285, 125ठ बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रार्थी कोहका भिलाई निवासी लेखराम साहू ने बताया कि मेरे भाई तीरथ राम साहू के नाम पर वाहन टाटा 1109 क्रमांक सीजी 07 सीए 9011 में चालक रोहित कुमार ठाकुर 23 जनवरी को ग्राम कुरदी से पत्थर भरकर रिसाली जा रहा था। इस बीच सुबह लगभग 5 बजे ग्राम डंगनिया मुख्य मार्ग पर ट्रक क्रमांक सीजी 08 एल 2629 खड़ा था। ट्रक को खतरनाक रूप से बिना किसी सिग्नल के, बिना रेडियम, बिना एण्डीकेटर लाईट जलाए रोड पर खड़ा किया था। इसके कारण उनका वाहन उससे टकरा गया। दुर्घटना में वाहन चालक के पैर में गंभीर चोट आई है, जिसे भिलाई अस्पताल ले जाया गया, जहां से रायपुर रेफर किया गया।

---

प्रतिक्रया : भाजपा के स्थानीय नेताओं ने केंद्रीय बजट की सराहना की

# बजट में जन-जन का रखा गया है ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


















केंद्रीय बजट जन-जन का ख्याल रखने वाला और सबका–साथ सबके विकास की अवधारणा का प्रतिबिंब है। यह विकसित राष्ट्र के साथ भारत को विश्व गुरु बनाने वाला है केंद्रीय बजट है। बजट में जन–जन का ख्याल रखा गया है, और स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना पर बड़ा फोकस है। किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख हो गया।

उक्त बातें भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, कृष्ण कांत पवार, यशवंत जैन, पवन साहू व अन्य भाजपा नेताओं ने कही।

जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र के रूप में भारत खड़ा हो रहा है। केंद्रीय बजट में जन–जन का ख्याल रखा गया है। आज केंद्रीय योजनाओं के संचालन और धरातल पर उतारने का काम हमारी विष्णुदेव साय की सरकार कर रही है। देश की जीडीपी में छत्तीसगढ़ का बहुत बड़ा योगदान है। केंद्रीय बजट का लाभ प्रदेश की जनता को भी मिलेगा।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा पवन साहू ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख की जाएगी। किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए 7.7 करोड़ किसानों को अल्पकालिक लोन की सुविधा दी जाएगी। किसानों के लिए प्रधानमंत्री धनधान्य योजना भी लाई जाएगी।

पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा 5 लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पहली बार उद्यमिता शुरू करने वालों के लिए योजना शुरू की जाएगी। यह अगले 5 वर्षों में 2 करोड़ रुपये तक के टर्म लोन प्रदान करेगी। इस योजना में स्टैंड–अप इंडिया योजना से प्राप्त अनुभवों को शामिल किया जाएगा।

बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन ने कहा कि 36 जीवन रक्षक दवाओं पर पूरी तरह से ड्यूटी टैक्स खत्म कर दिया गया है। इसके अलावा, कैंसर के इलाज की दवाएं सस्ती होंगी और 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी 5 फीसदी कर दी गई है। इससे मध्यम और गरीबों वर्गों को बड़ा लाभ मिलेगा।

पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने कहा, मेक इन इंडिया, इम्प्लॉयमेंट और इनोवेशन, एनजएँ सप्लाई, स्पोर्ट्स का डेवलपमेंट, एमएसएमई का विकास हमारी विकास यात्र में शामिल हैं और इसका ईंधन रिफॉर्म्स हैं। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को मदद की संभावना है।

#### अधोसंरचना पर भारी भरकम बजट का प्रावधान

पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव ने कहा कि यह केंद्रीय बजट अधोसंरचना पर भारी भरकम बजट का प्रावधान किया गया है। यह प्रदेश के नगरीय निकायों को हाईटेक बनाने में संजीवनी साबित होगी। प्रदेश प्रवक्ता देव लाल ठाकुर ने कहा कि पीएम श्री मोदी के नेतृत्व में देश में आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर आज पूरे विश्व में मिसाल है। केंद्रीय बजट में से यह सेक्टर एक मील का पत्थर साबित करेगा। वहीं, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू ने कहा कि 10 साल पहले बुनियादी ढांचे का बजट 2 लाख करोड़ था, अब यह 11 लाख करोड़ से ज्यादा है। डीप वाटर मेगा पोर्ट की बुनियाद रखी गई है। ये दुनिया का टॉप 10 पोर्ट में से एक होगा।

#### केंद्रीय बजट से छत्तीसगढ़ को भी भरपूर लाभ मिलेगा

महामंत्री राकेश छोटू यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट से छत्तीसगढ़ को भी भरपूर लाभ मिलेगा। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की विदेशी नीति में अमूलचूल परिवर्तन आया है, भारत के विकास का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। आज भारत विश्व गुरू बनने की राह पर तेजी से अग्रसर है।

---

## चिल्हाटीकला में आयोजित की हुई मॉडल टेस्ट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए द्वितीय माडल टेस्ट परीक्षा का सफ़ल आयोजन किया गया।

शिक्षक नीलकंठ धनकर ने बताया कि मुख्य चयन परीक्षा राज्य में 16 फरवरी को निर्धारित परीक्षा केंद्रों में होगी। जिसमें चयन मेरिट सूची के आधार पर होगा। चयनित विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा प्रतिमाह 1000 रुपए कक्षा 12वीं की पढ़ाई तक प्रदान किया जाता है। रविवार को आयोजित इस निःशुल्क राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के द्वितीय माडल टेस्ट में 28 विद्यार्थियों बैठे। जिसमें मिडिल स्कूल भरदा लोहारा, मिडिल स्कूल बड़गांव तथा मिडिल स्कूल



चिल्हाटीकला के बच्चों ने परीक्षा के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। परीक्षा के सफल आयोजन में शाला के प्रधानपाठक रमन लाल धनेन्द्र, शिक्षिका श्रीमती जानकी देशमुख, धनेश्वरी यादव तथा संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू का विशेष सहयोग रहा।

## भागवत कथा जीवन के उद्देश्य व दिशा को बताती है: पं. भूपेंद्र



**बालोद।** ग्राम मुंदेरा में शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा परिसर से शुरू हुई और ग्राम भ्रमण करते भागवत मंच में पहुंचकर संपन्न हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर पूजन किया गया।

कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक पंडित भूपेंद्र महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणीमात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कथा दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक सुनाई जाएगी। कथा के प्रथम दिन कलश यात्रा, बेदी पूजन हुआ। इसके बाद गौकरण कथा, शुकदेव आगमन का कथा सुनाया गया। वही 2 फरवरी रविवार को धुरुव चरित्र, कपिल चरित्र की कथा सुनाई गई। वही भागवत कथा की रसपान करने गणेश राम साहू, महादेवी साहू, केदारनाथ सर्वा, दौपति बाई सर्वा, मोहन लाल साहू, चुनेंद्रि बाई साहू, इंदुमती भीखम राम साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे। **आज प्रहलाद चरित्र, जड़भरत का सुनाएंगे प्रसंग:** 3 फरवरी दिन सोमवार को प्रहलाद चरित्र, जड़भरत प्रसंग सुनाई जाएगी, 4 फरवरी को राम जन्म, कृष्ण जन्म कथा होगा। 5 फरवरी को बालचरित्र माखन चोरी कथा होगा। 6 फरवरी को रूखमणी मंगल कथा होगा। 7 फरवरी को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष, तुलशी वर्षा, हवन, शोभायात्र के साथ मंगलमय समाप्ति की जाएगी।

## चूल्हापथरा में लगा निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर




**गुरूर।** जीव जंतु कल्याण दिवस के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण गोपाल गौशाला चूल्हापथरा में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया। भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रत्येक वर्ष बसंत पंचमी के दिन जीव जंतु कल्याण दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया है। इसके परिपालन में गौशाला में जीव जंतु कल्यण दिवस मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, पशुपालक, पशु सखी उपस्थित थे। चिकित्सकों ने कार्यक्रम में पशु पालकों के प्रश्न एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस दौरान पशुओं के बछड़े-बछियों को कृमि नाशक दवाई पिलाई गई। पशुओं का उपचार किया गया तथा एवीएन टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर पशु चिकित्सालय गुरुर डॉ. बीके विश्वकर्मा तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को बताया गया आयुर्वेद का महत्व अच्छी जीवन शैली के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

> ■ राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत शासकीय विद्यालय अंडा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयुर्विद्या कार्यक्रम स्कूली छात्रों के लिए प्रारंभ किया गया है। इसके तहत छात्रों को आयुर्वेद की जीवन शैली से परिचय कराते हुए वर्तमान एवं आगामी जीवन में आयुर्वेद को चिकित्सा पद्धति के रूप में अपनाने संबंधी योजना बनाई गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ दिनेश चंद्रवंशी जिला आयुष अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला अण्डा में डॉ तृप्ति द्विवेदी (आयुष चिकित्सक, आयुर्विद्या) ने विद्यार्थियों को आयुर्विद्या कार्यक्रम परिचय, आयुष पद्धति से उपचार, अच्छी जीवन शैली, दिनचर्या, बसंत ऋतुचर्या अनुसार पथ्य आहार-विहार, कृमि मुक्ति उपाय तथा स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी।




इसके साथ ही छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। डॉ तृप्ति द्विवेदी ने डॉ समलित ठाकुर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से छात्रों को शासकीय आयुर्वेद औषधालय अंडा का भ्रमण कराया गया एवं औषधालय परिसर के उद्यान में लगे पौधों की जानकारी देकर उसके आयुर्वेदिक लाभ के संबंध में बच्चों को जानकारी दी। औषधालय भ्रमण के दौरान कई छात्रों ने आयुर्वेदिक औषधियों के बारे में सवाल भी पूछे। चिकित्सकों ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

## देवांगन समाज भवन में की गई मां परमेश्वरी की पूजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर के आमापारा स्थित देवांगन समाज भवन में रविवार को मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में समाज के पदाधिकारी सहित महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुए।

आमापारा में कुछ साल पहले जब देवांगन समाज का भवन बनकर तैयार हुआ तब देवांगन समाज की कुलदेवी मां परमेश्वरी के प्रतिमा की स्थापना की गई थी। उसी मूर्ति का रंगरोगन कर गर्भगृह की मरम्मत की गई, उसके बाद सोमवार को मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना का कार्यक्रम रखा गया। जामगांव से आए पंडित अविनाश पांडे ने विधि-विधान के साथ पूजा की।

आयोजन में देवांगन समाज के जिलाध्यक्ष दीपक देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण देवांगन, नगर अध्यक्ष जीवनलाल देवांगन, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष केशर देवांगन, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष टिकेंद्र देवांगन, ब्लॉक सचिव चोवाराम देवांगन, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संगीता देवांगन, कोषाध्यक्ष गोपाल देवांगन, जिला सलाहकार एमएल देवांगन, राधेश्याम देवांगन, हरेंद्र देवांगन, रेखा देवांगन, रामेश्वरी देवांगन, निशा देवांगन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## चुनावी रैली व सभा के लिए पूर्व अनुमति आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

> ■ कार्यक्रम स्थल व समय की पहले से देनी होगी जानकारी

उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के उम्मीदवारों की बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करते हुए जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की।

बैठक में व्यय प्रेक्षक सुरेश कुमार शर्मा, रिटर्निंग अधिकारी सुरेश साहू, प्रतिभा ठाकरे झा, प्राची ठाकुर, रामकुमार सोनकर, शिवनाथ बघेल के अलावा नगरीय निकाय निर्वाचन के उम्मीदवार एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में श्री कौशिक ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन के उम्मीदवारों एवं प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आदर्श आचार संहिता के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचनों के दौरान अन्य राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यो तक ही सीमित होनी चाहिए। चुनाव प्रचार संबंधी कार्यक्रम, सभा, जुलूस इत्यादि के लिए स्थानीय पुलिस अधिकारियों को प्रस्तावित सभाओं के आयोजन स्थल और समय की पूरी जानकारी देनी होगी और सभी आवश्यक अनुमति पर्याप्त समय पहले ले ली जाए। प्रस्तावित सभाओं के लिए लाउडस्पीकर या ऐसी किसी अन्य सुविधा के प्रयोग के लिए अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए। किसी भी



जुलूस की शुरूआत और समाप्ति का समय और स्थान और इस जुलूस के मार्ग को पहले ही तय किया जाना चाहिए और संबंधित अनुविभागीय अधिकारी से अग्रिम अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए। उन स्थानों, जहां से जुलूस गुजरना है, में लागू यातायात विनियमों और प्रतिबंध आदेशों का पता लगाना चाहिए और उनका पूर्णतः पालन किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने आशा व्यक्त किया कि बालोद जिले में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ–साथ सभी के सहयोग से निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न होगा। इस अवसर पर ईव्हीएम का डेमोंस्ट्रेशन कर ईवीएम के संबंध में विस्तृत जानकारी नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के उम्मीदवारों एवं प्रतिनिधियों को प्रदान की गई।

## महायज्ञ में सेवा कार्य करने वाले विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

वक्ताओं ने विद्यार्थियों को व्यवस्थित दिनचर्या व संतुलित आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

> ■ स्मृति क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रतिदिन 20 मिनट ध्यान करने के लिए किया प्रेरित

21 से 24 दिसंबर तक रामनगर में आयोजित राष्ट्र जागरण 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में कोड़ेकसा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 47 विद्यार्थियों ने सेवा कार्य किया था। उन सभी विद्यार्थियों को गायत्री परिवार डोंडीलोहारा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदानकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि एलके ठाकुर ट्रस्टी डोंडीलोहारा थे। बच्चों को सम्मानित करने के साथ ही उन्होंने परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने के लिए प्रेरित करते हुए मार्गदर्शन दिया। श्री ठाकुर ने कहा कि सभी विद्यार्थी अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें और संतुलित आहार लें। पर्याप्त नीद लें, ब्रह्ममुहूर्त में जागरण कर अध्ययन करें। वहीं, मिलन सिन्हा ने अपनी स्मृति क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रतिदिन 20 मिनट ध्यान करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ध्यान के साथ गायत्री महामंत्र का संपुट लगाएं, जिससे बुद्धि की ग्रहण करने की क्षमता में वृद्धि होती है। रिकॉलिंग पावर भी तीव्र होती है। संस्था के प्राचार्य केएस जांगड़े ने सभी छात्रों को सेवा कार्य करने पर बधाई दी और बोर्ड परीक्षा की तैयारी अच्छे से करने को कहा। कार्यक्रम में तारण दास मानिकपुरी, जय प्रकाश ठाकुर, राजेश वर्मा, राकेश मानकर सहित विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर पिस्दा और आभार प्रदर्शन खिलावन रावटे ने किया।



